हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 22 सितंबर 2021

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

**11** भाजपा प्रदेश झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट की बैठक



**12** भसेरा मंडल की बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को...





## खबर संक्षेप

### राजिम राज मरार पटेल समाज का वार्षिक अधिवेशन आज

**राजिम।** मरार पटेल समाज राजिम राज का वार्षिक अधिवेशन आज 5 अप्रैल को ग्राम रांवड़ में सुबह 10 बजे से आयोजित है। जिसमें



मुख्य रूप से राजिम राज के राजिम, छुरा, फिंगेश्वर, मगरलोड व गरियाबंद तहसील के 120 गांव के सामाजिक पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू होंगे। अध्यक्षता राजिम राज अध्यक्ष तेजराम पटेल करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू, प्रदेश महामंत्री सोमनाथ पटेल, फिरंगी पटेल, नारायण पटेल, डेहर पटेल, जिला अध्यक्ष विष्णु पटेल, जनपद सदस्य पूजा-मुकेश भारती, सरपंच माधुरी-हलधर साहू, उपसरपंच तामेश्वरी साहू मौजूद रहेंगे।

### स्वच्छंद विचरण करती नीलगाय

**मैनपुर।** जिले के प्रसिद्ध उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के घने



जंगलों से वन्य प्राणियों की सुखद तस्वीरें लगातार सामने आ रही हैं। हाल ही में जंगल के भीतर से नीलगाय की कुछ बेहद खूबसूरत तस्वीरें प्राप्त हुई हैं, जिसमें यह वन्य जीव प्राकृतिक आवास में पूरी तरह स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से विचरण करता दिखाई दे रहा है।

# मैनपुर के जंगलों में चिरौंजी की बहार, लेकिन अस्तित्व पर संकट

## रेड डाटा बुक में शामिल होने के बावजूद वन विभाग उदासीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

वनोपज में काफी महत्वपूर्ण स्थान रखने वाला चिरौंजी का इस वर्ष बम्पर उत्पादन की संभावना है। मैनपुर क्षेत्र के जंगलों में चिरौंजी के वृक्षों में इसके फल आ गए हैं और कुछ दिनों बाद फल के पक जाने के बाद बाजार में बिकने भी पहुंच जाएगा, चिरौंजी का फल पककर तैयार हो रहा है इसके फल को खाने में काफी स्वादिष्ट व पौष्टिक माना जाता है, स्वाद खट्ट-मिठा होता है, साथ ही इसके बीज के अंदर से चिरौंजी निकलता है जो मुख्य मेंवा के रूप में जाना जाता है जो काफी कीमत में बाजारो में मिलता है। बहरहाल मैनपुर क्षेत्र के जंगलों में



### संरक्षण के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए



अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ आईयूसीएन ने चिरौंजी चार को बहुत पहले ही रेड डाटा बुक में शामिल कर लिया है इसके बावजूद वन विभाग द्वारा इस वृक्ष के रोपण की दिशा में उदासीन रवैया अपनाया जा रहा है। समय रहते यदि ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले दिनों में चिरौंजी विलुप्त होने के कगार पर पहुंच जायेंगे। मैनपुर क्षेत्र के जंगल में दो दशक पहले तक भारी संख्या में चिरौंजी के वृक्ष पाये जाते थे इसके बावजूद इसकी कीमत सर्वाधिक है। बाजार में चिरौंजी के दाने 2200 रूपये प्रतिकिलो के हिसाब से मिलता है। पर्यावरण प्रेमी शेखर पटेल,खेलन साहू, रामेश्वर मरकाम, भरत सिंह ने बताया की चार चिरौंजी की संरक्षण की दिशा में ठोस कार्ययोजना वन विभाग को बनाना चाहिए जिन्हे मुर्तरूप देकर चार को संरक्षित व सर्वधित किया जा सकता है।

चिरौंजी फल की बाहरा देखने को मिल रही है, मैनपुर तहसील मुख्यालय चारो तरफ से घने जंगलों से घिरा हुआ क्षेत्र है। महज मैनपुर से चार-पांच किलोमीटर की दूरी पर जंगल है और यहां आसानी से सड़क के किनारे चिरौंजी के वृक्षों को देखा जा सकता है। चिरौंजी पौधा रोपण को लेकर वन विभाग गंभीर नजर नहीं लगातार अवैध कटाई से अस्तित्व संकट में गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के जंगलों में डेढ़ दशक पूर्व तक नगर से नजदीक जंगल से लेकर कुल्हाड़ीघाट, तौरेंगा, गोबरा, छिन्दौला क्षेत्र में भारी तादात में चिरौंजी चार के वृक्ष हुआ करते थे लेकिन लगातार इसके फल को प्राप्त करने के चक्कर में अवैध कटाई के कारण अब क्षेत्र के जंगल में यह वृक्ष बेहद कम हो गया है जो ▶▶| शेष पेज 10 पर

## समस्या : ग्रामीणों की मांग जल्द ठीक करें लो-वोल्टेज की समस्या, वरना करेंगे आंदोलन

# लो-वोल्टेज से नहीं जल पा रहे बल्ब, सूख रहीं फसलें, ग्रामीणों ने घेरा बिजली दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही गरियाबंद जिले के छुरा ब्लॉक में बिजली की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। लो-वोल्टेज की मार झेल रहे ग्राम पंचायत दुल्ला और ग्राम पंचायत भैसामुड़ा के ग्रामीण अब सब्र का बांध टूटने पर सड़कों पर उतर आए हैं। शनिवार को दोनों पंचायतों के सरपंचों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचकर उग्र प्रदर्शन किया और लिखित आवेदन सौंपकर समस्या के तत्काल निराकरण की मांग की। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को बताया कि लो-वोल्टेज के कारण घरों में लगे पंखे, लाइट और कूलर सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। सबसे गंभीर स्थिति पेयजल और कृषि की है। नल-जल योजना प्रभावित होने से गांवों में पानी का हाहाकार मच गया है, वहीं खेतों में लगे बोर नहीं चल पाने के कारण रबी की फसलें सूखने की कगार पर हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही वोल्टेज नहीं सुधरा, तो वे अपनी मेहनत से उगाई फसल को मवेशियों को चराने पर मजबूर हो जाएंगे।

**कोसमी नवापारा सबस्टेशन बना गले की फांस-** ग्रामीणों का आरोप है कि लो-वोल्टेज की यह समस्या मुख्य रूप से कोसमी नवापारा स्थित सबस्टेशन से जुड़ी है। इस सबस्टेशन से सप्लाई होने वाले दर्जनों गांव पिछले लंबे समय से अंधेरे और कम वोल्टेज से जूझ रहे हैं। विभाग को कई बार सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अधिकारियों की ओर से केवल 'खाली आश्वासन' मिल रहा है, जिससे जनमानस में भारी रोष है।



### अधिकारियों का तर्क, बिजली की कमी

बिजली विभाग के उप अभियंता ने ग्रामीणों को बताया कि ऊपर से ही पर्याप्त मात्रा में बिजली की आपूर्ति नहीं मिल पा रही है, जिसके कारण लो-वोल्टेज की स्थिति निर्मित हो रही है। उन्होंने जल्द ही तकनीकी सुधार कर समस्या दूर करने का भरोसा दिलाया है। बिजली कार्यालय घेराव के दौरान मुख्य रूप से ग्राम पंचायत दुल्ला से सरपंच शशिप्रभा ठाकुर, उपसरपंच सुरेश शर्मा, ग्राम समिति अध्यक्ष विमल ठाकुर, गणेश राम यादव, पंचगण संतोषी, ओमलता, ताराबाई, पूर्णिमा और ओमेश्वरी। ग्राम पंचायत भैसामुड़ा से सरपंच फुलेश्वरी ध्रुव, योगेश्वर यादव, टामेश्वर ध्रुव, लक्ष्मण कंवर, बीसे साहू और लालेश्वर साहू। इसके साथ ही दोनों पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीण और किसान इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

# प्रशासन के आश्वासनों से बेहाल स्कूल सफाई कर्मी

### 2 माह का मानदेय अटका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

स्कूल सफाई कर्मी संघ फिंगेश्वर की आवश्यक बैठक सोमवार को आदिवासी भवन में रखा गया। जिसमें हड़ताल अवधि मानदेय राशि 15 जुलाई से 15 सितंबर 02 माह का अब तक अप्राप्त पर आक्रोश व्यक्त किया है। संघ ने हड़ताल अवधि की मानदेय रोके जाने पर प्रशासन से मांग रखे थे, जिस पर अधिकारी द्वारा आश्वासन मिला था। देर होने पर 10 मार्च को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर जानकारी चाही गई, तब कहा गया था सप्ताहंत तक जारी हो जायेगा। वहीं विकास खंड शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर कार्यलय में पता किया गया तो बताया गया कि उच्च कार्यालय है कोई आदेश निर्देश नहीं आया है। वहीं फिगेंश्वर विकास खंड शिक्षा ▶▶| शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### रफ्तार बोलेरो ने मवेशियों के झुंड को मारी टक्कर चालक फरार

**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद 130 सी मुख्य मार्ग में मैनपुर से 8 किलो मीटर दूर दबनई नाला के पास शनिवार को सुबह 8:30 बजे एक बोलेरो वाहन चालक ने मवेशियों के झुंड को जोर से मार दिया टक्कर जिसे एक मवेशी घायल होकर गिर गया। रास्ते में आने-जाने वाले राहगिरों ने वाहन चालक को रोकने की कोशिश किया लेकिन तेज रफ्तार वाहन दौड़ते हुए भाग गया। वहीं दूसरी ओर घायल मवेशी का इलाज राहगिरो ने पशुचिकित्सालय के अमले को बुलाकर करवाई है।

### श्रीरामचरित्र मानसगान गंगा में डुबकी लगा रहे श्रद्धालु

**कोपरा।** क्षेत्र के ग्राम जेंजरा मे छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय श्री राम चरित्र मानस गान सम्मेलन का पांच अप्रैल से पांच अप्रैल कों बुजुर्ग रामायण समिति एवं समस्त ग्राम वासियों द्वारा आयोजित किया गया था। प्रथम दिवस धूमधाम से कलश यात्रा गांव की गलियों पर निकल गया था जहां भारी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए। तत्पश्चात द्वितीय दिवस पर खैरागढ़ कवर्धा और उड़ीसा जैसे स्थान से रामायण मंडलियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। वहीं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व नेताओं का भी आवागमन लगा हुआ था। तृतीय दिवस पर महासमुंद धमतरी रायपुर गरियाबंद जिले के महिला व पुरुष तथा बालिका मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को रामायण का रसपान कराया। इस दौरान भारी संख्या में गांव के लोग गांधी चौक पहुंचकर रामायण का ध्यान किया और अपने आत्मा को प्रसन्न किया। सभी अतिथियों व ग्रामीणों के लिए विशाल भोग भंडारा कभी आयोजन आयोजक समिति और समस्या ग्रामवासी द्वारा रखा गया था। श्रद्धालु कथा श्रवण के बीच-बीच में भजन प्रस्तुति का भी आनंद ले रहे थे। इस दौरान संध्या बेला पर तृतीय दिवस में शारदा बालिका मानस मंडली भरदा गोड़ खैरागढ़ ने अपनी प्रस्तुति पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया शानदार प्रस्तुति से लोग भाव विभोर हो गए और झूम उठे क्षेत्र के जिला पंचायत जनपद सदस्य सरपंच, पंच और वरिष्ठ गणमनीय लोगों का आत्मीय स्वागत हुआ।

### दीनदयाल महाप्रशिक्षण में भाजपा कार्यकर्ताओं को किया अपडेट्स

**अभनपुर।** भारतीय जनता पार्टी अभनपुर मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 2 से 3 अप्रैल के बीच ग्राम तूता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष भरत बैंस के नेतृत्व में आयोजित किया गया।
मंडल प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी एवं मंडल महामंत्री गौरव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी में ध्येयनिष्ठ कार्यकर्ताओं के निर्माण हेतु प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से भाजपा द्वारा देशभर में महाप्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है, दो दिनों तक चले इस प्रशिक्षण वर्ग में कुल नौ सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी का इतिहास एवं विकास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्यपद्धति, कार्यविस्तार, सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सरल ऐप, नमो ऐप, बूथ प्रबंधन, भाजपा सरकार की योजनाएं एवं उपलब्धियां तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इन सत्रों में विधायक इंद्रकुमार साहू,प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू,जिला अध्यक्ष श्याम नारंग,जिला महामंत्री संतोष शुक्ला, उपाध्यक्ष जिला सहकारी अभिनेष बांबी कश्यप, दीपक बैस, उत्पल साहु, अभिषेक राजा तम्बोली, चंद्रकांती वर्मा,सुरेन्द्र पाटनी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा शक्ति केंद्र स्तर के कार्यकर्ता शामिल हुए।

# प्रशासनिक उपेक्षा की भेंट चढ़ा रामपुर, सड़क तो मिला पर नदी में पुल नहीं, आने-जाने में मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

आजादी के 70 साल बाद भी ग्राम पंचायत भुजियामुडा के आश्रित ग्राम रामपुर, भुजियामुडा तक पहुंचने के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण किया गया है। मगर गांव तक पहुंचने वाली बरनाला नदी पर आज तक पुल नहीं बना है जिससे बारिश के दिनों में आने जाने में बहुत परेशानी होती है। तथा बरसात के दिनों में बाढ़ आ जाने से आवागमन अवरूद्ध हो जाता है। बरसात भर भय की आंशका बनीं रहतीं हैं। बरसात के दिनों में इसी नाले पार करके बच्चे विद्यालय पढ़ने जाते हैं, जिससे दुर्घटना होने की भय बना रहता है। साथ ही साथ आपातकाल में सजिवनी 108 व महतारी 102 गाड़ी गांव तक नहीं पहुंच पाता, इस स्थिति में मरीजों को खाट में लिटाकर नाला पार कर वाहनों में ले जाया जाता है। मूख्य मार्ग मदनपुर से मेन सडक छुरा को जोड़ती है जो बरसात में आवागमन बंद हो जाता है।

## राशन और खेती पर भी आफत



ग्राम पंचायत भुजियामुडा में राशन दुकान संचालित है जो बरसात के दिनों में 5-6 माह का चावल संग्रहण किया जाता है जो पहुंच विहीन दुकान में आश्रित ग्राम रामपुर के हितग्राहियों को अपने राशन ले जाने संभव नहीं हो पाता और भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आज भी रामपुर और भुजिया मुडा के लोग पुल पुलिया के लिए तरस रहे हैं। किसानों को भी बीज, खाद और अन्य सामग्री के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच, पंचगण और ग्रामवासियों ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर मंत्री, सांसद, विधायक से लेकर विभागीय अधिकारियों को गुहार भी लगाते रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। उनसे सिर्फ आश्वासन ही मिला, बारिश में सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं और स्कूली बच्चों को होती है। अचानक रात में किसी की तबीयत बिगड़ जाता है तो अस्पताल पहुंचने तक मरीज को अपनी जान भी गंवानी पड़ती है। गांव के लोग पुल के कारण अनेक समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामवासियों ने बताया कि सरकार केवल विकास का ढोल पिट रहा है। उनके गांव तक आएं तो विकास की असलियत दिख जाएंगी।

## आयोजन : कोसमबुडा घाट में उमड़ा झेरिया गाड़ा समाज का जनसैलाब

# वार्षिक महासम्मेलन में शिक्षा और संगठन पर जोर, मेधावी छात्र और वरिष्ठ जन सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़ागांव(कोरासी)

छत्तीसगढ़ झेरिया गाड़ा समाज छुरा राज का भव्य वार्षिक महासम्मेलन कोसमबुडा घाट, छुरा में अत्यंत गरिमामय एवं ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के इष्ट देव शंभू महादेव की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ किया गया, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छुरा राज अध्यक्ष श्री वेदराम नंदे ने अपने चार वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को प्रस्तुत करते हुए शिक्षा, सामाजिक उत्थान, जनसेवा एवं समाज के समग्र विकास पर विशेष जोर दिया। वहीं राज उपाध्यक्ष प्रेमलाल नागरे ने संगठनात्मक मजबूती एवं सामाजिक नियमों पर प्रकाश डाला। राज सचिव टंकेश्वर मरकाम ने प्रस्तावना एवं वार्षिक आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। सम्मेलन में समाज के सातों सर्कल के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से गुलेंद्र कुमार नंदे, किशन नंदे, सालिक राम नेताम, संतोष नेताम, मुक्ता राम सोनवानी, राकेश टांडे एवं धनसिंह टांडे शामिल रहे। इसके अलावा छुरा राज के पदाधिकारीगण एवं वरिष्ठ समाजसेवी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सम्मेलन में श्री पंचराम नंदे को सर्वसम्मति से सभापति चुना गया। साथ ही समाज को सशक्त बनाने हेतु युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया।



### प्रतिभा और सेवा का सम्मान

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु श्रीमती लाकेश्वरी जगत (आंगनबाड़ी सुपरवाइजर) को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। सम्मेलन के दौरान विभिन्न सामाजिक विषयों पर प्राप्त आवेदनों पर विचार-विमर्श कर उनका निराकरण किया गया। अंत में मुक्ता राम सोनवानी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन गुलेंद्र कुमार नंदे ने किया। यह महासम्मेलन सामाजिक एकता, शिक्षा, जागरूकता एवं विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जिसने समाज के सभी वर्गों को एकजुट करने का कार्य किया।

# उड़न गिलहरी महुआ के फूलों का लुत्फ उठाते कैमरे में कैद



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गरियाबंद जिले के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में बीती रात एक दुर्लभ और रोमांचक दृश्य देखने को मिला। जंगल के बीचों-बीच एक उड़न गिलहरी महुआ के पेड़ पर चढ़कर फूलों का आनंद लेते हुए नजर आई। रात्रि के समय सक्रिय रहने वाली यह गिलहरी बेहद फुतऍंली होती है और एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक ग्लाइड करने की अपनी अनोखी क्षमता के लिए जानी जाती है। महुआ के मीठे फूल वन्यजीवों के लिए खास आकर्षण होते हैं, और गमऍं के दिनों में यह उनका प्रमुख आहार बन जाते हैं। इस दुर्लभ पल को कैमरे में कैद किया गया, जो सोशल मिडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इस तरह के दृश्य न सिर्फ जंगल की जैव विविधता को दर्शाते हैं, बल्कि वन्यजीव संरक्षण की आवश्यकता को भी उजागर करते हैं। वन विभाग के अनुसार, उड़न गिलहरी का दिखना इस बात का संकेत है कि क्षेत्र का पर्यावरण संतुलित और सुरक्षित है। वरुण जैन ने कहा कि यहां की जैव विविधता खास है जिसकी वजह से ये दुर्लभ तस्वीर सामने आई है। वन विभाग के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि उड़न गिलहरी अत्यंत दुर्लभ प्रजाति की जीव है यह मुख्य रूप से उन जंगलों में पाई जाती है जहां पेड़ों की छतरियां आपस में जुड़ी रहती है यह जीव जमीन पर कम और पेड़ों के बीच ग्लाइड करते हुए अधिक समय बिताती हैं। आमतौर पर उड़न गिलहरी भारत के पश्चिमी घाट, जैसे महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल और आंध्रप्रदेश जैसे राज्यों में ज्यादा देखी जाती हैं, लेकिन सेंट्रल इंडिया विशेषकर उदंती सीतानदी क्षेत्र में इनकी अच्छी संख्या मिलना वन विभाग के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

# जिले में बदला मौसम का मिजाज झमाझम बारिश से गर्मी से राहत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

भीषण गर्मी के बीच शनिवार की शाम जिले में मौसम ने अचानक करवट ले ली। जिला मुख्यालय में जहां हल्की बूंदाबांदी हुई, वहीं मालगांव से पोंड के बीच झमाझम बारिश दर्ज की गई। दिनभर तेज धूप और गर्म हवाओं से लोग परेशान रहे, लेकिन शाम होते-होते चली ठंडी हवाओं और बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया। बारिश के साथ चली हवाओं ने तापमान में गिरावट लाई, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। जिला मुख्यालय में हल्की फुहारों के साथ ठंडी हवा का असर देखने को मिला, जबकि आसपास के ग्रामीण इलाकों में जोरदार बारिश हुई। अचानक बदले मौसम से जहां लोगों को राहत मिली, वहीं किसानों के लिए भी यह बारिश लाभकारी मानी जा रही है। गौरतलब है कि अप्रैल माह के पहले ही सप्ताह में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे आमजन गर्मी से बेहाल हैं। ऐसे में शनिवार शाम को हुई बारिश लोगों के लिए राहत भरी साबित हुई। मौसम में आए इस बदलाव से आने वाले दिनों में तापमान में थोड़ी कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## छत्तीसगढ़ की विशेष पहचान लोक कला संगीत और ऐतिहासिक धरोहर : चंद्रशेखर

**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी मंडल प्रशिक्षण वर्ग में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत विषय पर बात रखते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत अपनी विविधता, प्राचीन परंपराओं और जनजातीय जीवनशैली के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। इसकी विशेष पहचान लोक कलाएं, संगीत और ऐतिहासिक धरोहरें हैं। यहाँ त्योहारों और उत्सवों पर विभिन्न समुदायों द्वारा विशिष्ट नृत्य किए जाते हैं। छत्तीसगढ़ी कारीगरों की ढोकरा शिल्प, कोसा रेशम, लौह शिल्प और टेराकोटा इत्यादि उनकी सांस्कृतिक दक्षता को दर्शाती है। छत्तीसगढ़ के पर्व प्रकृति और कृषि से जुड़े हैं। इसमें हरेली और छेरछेरा विशेष पर्व हैं। राज्य में कई प्राचीन मंदिर और पुरातात्विक स्थल मौजूद हैं जो इसकी अद्भुत वास्तुकला को दर्शाते हैं। मुख्य व्यंजनों में चीला, फरा, मुठिया और बोर बासी शामिल हैं। राज्य की आधिकारिक भाषा छत्तीसगढ़ी है, जबकि जनजातीय क्षेत्रों में गोंडी, हल्बी और कुडुख जैसी बोलियाँ प्रचलित हैं। सरगुजा से बस्तर तक प्रकृति की अदभुत सुन्दरता है। यहां सिरपुर, आरंग, रतनपुर, राजिम नगर में ऐतिहासिक मंदिर स्थित हैं।



# भक्ति और साधना से ही संभव है जीवन में सच्ची शांति : सुमिरन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

भैरवी धाम तांत्रिक साधना केंद्र की प्रसिद्ध गुरु सुमिरन माई का नगरवासियों ने फूल-मालाओं से स्वागत अभिनंदन किया। गुरु माई अपने शिष्य ओमप्रकाश साहू यादव पारा निवास पहुंचीं, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और उनके दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वागत कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह कार्यवाह गोपाल यादव ,सेवानिवृत्त शिक्षक पवन यादव, डॉ. दीनदयाल साहू, मुकेश निषाद, योगेश यादव, डॉ. आशीष यादव, अभिनव यादव, शिवम पटकर, शुभम सागर, चंद्रकांत साहू, राजा साहू, सत्यम साहू, सागर सोनी, चंदन यादव, पद्मा यादव, अन्नपूर्णा यादव, खिलेश्वरी साहू, ममता साहू, वर्षा सागर ,नोबल साहू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु मौजूद रहे। गुरु माई ने अपने संदेश में साधना, भक्ति और सकारात्मक जीवन के महत्व पर जोर दिया। कहा कि आध्यात्मिक मार्ग पर चलकर ही मनुष्य जीवन की सच्ची शांति और सुख प्राप्त कर सकता है। उन्होंने सभी को नियमित साधना करने, भक्ति भाव रखने और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। यह कार्यक्रम नगरवासियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित हुआ। गुरु माई के आगमन से क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।



## 106 गांवों के दुकानदार जुटे

# मां अन्नपूर्णा व्यापारी संघ की बैठक में समान मूल्य पर सहमति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

मां अन्नपूर्णा व्यापारी संघ (ग्रामीण) की वार्षिक बैठक शुक्रवार को बाबाकुपि नर्सरी में हुई। अध्यक्ष भुवन साहू, नंदू यादव बिजली ने कहा कि ग्रामीण अंचल में दुकानदारी अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। संगठनएकता व जागरूकता की कमी से नियमकानून की जानकारी नहीं रहती। उन्होंने समानमूल्यनिर्धारण (शहरतर्ज पर) और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पर ज़ोर दिया, ताकि कटप्रतियोगितानुकसान से बचा जा सके। भुवन साहू ने जोड़ा कि प्रशासनिक नियमों की अनदेखी पर कानूनी कार्रवाई तय है, पर मजबूत संगठन ऐसे मामलों में सामूहिक पैरवी कर सकता है। बैठक में ग्रामीण व्यापारियों ने प्रशिक्षणआदानप्रदान और मूल्यसूचीसमन्वय पर सहमति जताई। इसलिए यह संगठन की महसूस हो रही है। इस मौके पर कोसमखुटा, बिजली, खुटेरी, बोरसी, कुण्डेल, छुईहा, चरौदा, कौंदकेरा, श्यामनगर, जामगांव, पसौद, पाली, रक्क्षा, परसदाकला, पतोरा 106 गांव के दूकानदार सहित अध्यक्ष भुवन लाल साहू, सचिन खुमन लाल साहू, संरक्षक यादराम वर्मा, नंदकुमार यादव, कोमल साहू, सदस्य ओमप्रकाश साहू, कोमल साहू, मनोहर यादव, तोरण साहू, गजेन्द्र साहू, डोमन साहू, बसंत साहू, सूर्यकांत साहू, मनोज साहू, वेदप्रकाश साहू, एवं अन्य व्यापारी संघ सदस्य उपस्थित थे।



## गर्मी के साथ शुरू हुआ आम तोड़ने और सहेजने का दौर

**रसेला।** ग्रामीण इलाकों में गर्मी के मौसम में आम का अचार बनाने की खास परंपरा है। हर गांवों में आम के पेड़ों पर छोटे बड़े आम का फल लगने लगें हैं, और बच्चे बूढ़े सभी इन्हें तोड़कर घर ला रहे हैं, घर की महिलाएं इन्हीं से स्वादिष्ट अचार और चटनी तैयार कर रही है। गृहिणी हेमलता ध्रुव,सीमा गुप्ता, सरस्वती यादव, चन्द्रकला यादव, पीला बाई ठाकुर, कविता कोमर्रा,लोमेश्वरी कोमर्रा, दुलेश्वरी सेन आदि लोगों ने बताया कि छोटे आमों से बना यह अचार और चटनी का स्वाद में बेहद अलग और खास होता है। इसमें खट्टापन और मसालों का ऐसा सतुलन होता है कि हर निवाला मजेदार लगने लगता है। रसेला अंचल में यह सिर्फ खाना नहीं, बल्कि एक परंपरा है जो हर साल गर्मियों में निभाई जाती है। इन गृहिणियों ने बताया कि अचार बनाने के लिए कच्चे छोटे आम के साथ पीली सरसों, मेथी दाना, सौफ, कलौंजी, अजवाइन, धनिया पाउडर, हल्दी, लाल मिर्च, हींग, नमक और सरसों का तेल इस्तेमाल किया जाता है। इन मसालों का सही संतुलन ही अचार को स्वादिष्ट बनाता है। सबसे पहले आमों को धोकर अच्छे से सुखा लिया जाता है ताकि नमी बिल्कुल न रहे, फिर इन्हें नमक और सरसों तेल के साथ मिलाकर 2 - 3 दिन के लिए ढककर रख दिया जाता है। इसके बाद मेथी,सौफ और सरसों को हल्का भूनकर दरदरा पीसा जाता है, अब इन मसालों को आम में मिलाया जाता है, फिर इसे कांच के जार में भरकर 7 - 10 दिन तक धूप में रखा जाता है। रोज हल्का हिलाने से मसाले अच्छे से मिल जाते हैं और अचार शानदार तैयार होता है। करीब एक हफ्ते बाद अचार पूरी तरह तैयार हो जाता है,इसे नाश्ता, खाना और अन्य चीजों के साथ भी रोज के खाने के साथ खाया जा सकता है। अगर चाहे तो ऊपर से हल्का गर्म किया हुआ सरसों का तेल डालकर स्वाद और बढ़ाया जा सकता है। देसी अचार एक बार खा लिया, तो हर साल इसका इंतजार रहेगा।



## रास सांसद फूलों देवी का कांग्रेस ने किया स्वागत

**अभनपुर।** महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती फूलों देवी नेताम के पुनः राज्यसभा सांसद बनने के पश्चात उनके धमतरी प्रवास के दौरान अभनपुर स्थित विश्राम गृह में आगमन पर पीसीसी सचिव प्रवीण साहू के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर सांसद का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।
इस अवसर पर श्रीमती नेताम ने कार्यकर्ताओं के साथ जनहित के विभिन्न मुद्दों एवं कांग्रेस पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा करते कहा कि क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्राथमिकता के साथ सदन में उठाया जाएगा तथा उनके निराकरण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## पेज 9 के शेष...

### मैनपुर के जंगलों...

चिंता का विषय है। हर वर्ष बारिश के दिनों में वन विभाग द्वारा जंगलों व खाली मैदानों में अनेक प्रकार के वृक्षों का रोपण किया जाता है लेकिन चार चिरौंजी पौधों के रोपण को लेकर विभाग गंभीर नजर नहीं आ रहे है जबकि कार्ययोजना बनाकर क्षेत्र के जंगलों में चार चिरौंजी के पौधों का रोपण किया जाना बेहद जरूरी हो गया है, मिठाई, हलवा, खीर और मेवे का स्वाद व शरीर में इम्यूनिटी बढ़ाने वाली बहुउपयोगी चिरौंजी का वृक्ष अत्याधिक दोहन और रोपण के अभाव में विलुप्ति के कगार पर है।
**चिरौंजी की पेड़ो की अवैध कटाई के चलते मंडरा रहे संकट के बादल-** मैनपुर एवं धवलपुर नवागढ़ गोबरा, ठेमली, पथर्री, कुल्हाड़ीघाट, इंदागांव, झरियाबाहरा क्षेत्र के जंगलो में आज से कुछ वर्ष पहले चिरौंजी के जंगल हुआ करता था लेकिन एक साथ चिरौंजी फल को प्राप्त करने की चक्कर में कई लोगो द्वारा उनके बड़े-बड़े डंगालो और वृक्षों को भी काट दिया जा रहा हैं जिसके कारण चिरौंजी वृक्ष की संख्या घटती जा रही है और इसकी अस्तीत्व पर संकट मंडरा रहा है।

### प्रशासन के आश्वासनों...

अधिकारी ने पांच लोगों को जिला कार्यालय में चर्चा के लिए भेजा गया। फिर भी कोई सार्थक पहल नहीं हुई। संघ यह भी कहा कि स्कूल सफाई कर्मी को 16 जून स्कूल सत्र प्रारंभ है तब से स्कूल में कार्यरत रहते हैं, इसलिए मई जून माह का भी मानदेय दिया जाने की मांग की है। संघ यह भी मांग रखा है कि पूर्णकालीन कलेक्टर दर भुगतान करने की मांग किया है। नियमानुसार 2 घंटे ड्यूटी है, लेकिन 08 घंटे ड्यूटी स्कूल में लिया जा रहा है। इस तरह सफाई कर्मी को प्रशासन हमेशा छला जा रहा है। बैठक एवं कार्यलय में अधिकारी से मिलने वालो में ब्लाक अध्यक्ष तरूण कुमार साहू, ब्लाक सचिव खुमान राम पटेल, महिला उपाध्यक्ष, पंचवटी साहू, ब्लाक उपाध्यक्ष निरंजन साहू, कोषाध्यक्ष कमल नारायण बंजारे, मडिया प्रभारी दिनेश निषाद, अशोक निषाद, पुनेश पटेल, रामरतन, पुनीत साहू, ममता यादव, दामिनी पटेल आदि सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों के हित के लिए रणनीति बनाने आमसभा

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश सह सचिव विनोद सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा शिक्षक संवर्ग की ज्वलंत समस्याओं और भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श करने हेतु एक विशाल आमसभा (महासभा) का आयोजन 5 अप्रैल 2026 को राजधानी रायपुर में किया जा रहा है। यह



बैठक शांति नगर स्थित विमतारा भवन, मधु पिल्लै चौक में आयोजित होगी। मुख्य एजेंडा और उद्देश्य इस महासभा का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों से जुड़े उन गंभीर मुद्दों पर रणनीति तैयार करना है जो वर्तमान में शिक्षक संवर्ग के भविष्य को प्रभावित कर रहे हैं। चर्चा के प्रमुख बिंदु निम्नलिखित हैं। पूर्व सेवा से पेंशन एवं पूर्ण पेंशन का अधिकार- एल बी संवर्ग के शिक्षक बिना पेंशन के सेवानिवृत्त हो रहे है, अधिकांश शिक्षक न्यूनतम पेंशन पर सेवानिवृत्त होंगे, ऐसे शिक्षकों की बढ़ती संख्या पर चिंता और समाधान की दिशा में कार्ययोजना बनाना।क्रमोन्नति एवं पदोन्नति- लंबे समय से लंबित क्रमोन्नति और पदोन्नति की प्रक्रियाओं में तेजी लाने हेतु रणनीति।प्रशिक्षण संबंधी मुद्दे- टीईटी (TET), डीएड और बीएड प्रशिक्षण से जुड़ी समस्याओं का निराकरण। प्रदेशाध्यक्ष की अपील- छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर के सभी पदाधिकारियों एवं शिक्षकों से इस सभा में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है, उन्होंने कहा की आज बड़ी संख्या में शिक्षक जीरो पेंशन के साए में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, यदि आज हम एकजुट होकर प्रभावी रणनीति नहीं बनाएंगे, तो आने वाले वर्षों में यह समस्या और भी विकराल हो जाएगी। संगठन की शक्ति ही हमारी जीत का आधार है।

### महंगाई की आग में घी डालने का काम कर रही केंद्र सरकार : युवराज

**फिंगेश्वर।** 1 अप्रैल 2026 से भारत नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे पर सफर करना महंगा होते जा रहा है।युवा नेता जिला



उपाध्यक्ष युका व्यापारी संघ के अध्यक्ष युवराज सिंहा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नेशनल हाईवे पर सफर करने वाले वाहन चालकों पर टैक्स बढ़ाना चिंतनीय है उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए टोल टैक्स की नई दरें 1 अप्रैल से लागू की है नई दरों के तहत प्रदेश के अलग–अलग टोल प्लाजा पर पांच प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है जिसमें 5 से 20 तक की राशि निश्चित है जिसमें आम यात्रियों की जेब पर सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कार, जीप जैसे निजी वाहनों के साथ-साथ व्यावसायिक वाहनों के लिए टोल महंगा हो जाएगा। इसके साथ ही 1 अप्रैल से फास्ट ट्रैक एनुअल पास भी महंगा हो रहा है जो 3000 से बढ़कर 3075 हो जाएगा। टोल दरो में वृद्धि से ट्रकों और व्यावसायिक वाहनों का परिचालन खर्च बढ़ेगा जिससे वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो जाएगा और आगे महंगाई बढ़ेगी। केंद्र की सरकार देश की जनता को सिर्फ लूटने में लगी है आम जनता की तकलीफ से उसे कुछ लेना देना नहीं है।

## शिविर : कमार जनजाति के बीच पहुंचा स्वास्थ्य अमला

# नक्सल मुक्त जिले में विकास की दस्तक पहाड़ चढ़कर ताराझर गांव पहुंचे डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर दूरस्त वनांचलो के ग्रामों तक सरकार की योजनाओं और लोगो को सुविधाएं पहुंचाने के लिए इन दिनो जिला प्रशासन ने कमर कस लिया है लगातार जिले के आला अफसर दूरस्त वनांचल में बसे ग्रामों तक पहुंच रहे है। वहीं मैनपुर विकासखण्ड के कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत के पहाड़ी के उपर बसे विशेष पिछड़ी कमार जनजाति ग्रामों तक पहुंचने के लिए अब तक सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। यहां निवास करने वाले ग्रामीणों के तबियत खराब होने पर या फिर गर्भवती महिलाओं को बहुत परेशानी में कावर और खाट में बिठाकर 20-25 कि.मी. पैदल पहाड़ी घने जंगल रास्ता को पार कर कुल्हाड़ीघाट ग्राम तक लाना पड़ता है तब कहीं जाकर उन्हे वहां से 18 कि.मी. दूर मैनपुर अस्पताल तक वाहन के माध्यम से लाया जाता है। ऐसी तस्वीर कई बार हरिभूमि ने खबर प्रकाशित किया है। गरियाबंद जिला चिकित्सा अधिकारी श्री यू. एस. नवरत्न के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग मैनपुर के डॉक्टर व टीम ओड़िसा के रास्ते मोटर सायकल और अन्य वाहन से शुक्रवार को ऐसे दुर्गम ग्राम ताराझर, कुंरूवापानी तक पहुंचे और यहां के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिलाने के लिए प्रयास प्रारंभ किया गया है ज्ञात हो कि 31 मार्च को गरियाबंद जिला नक्सल मुक्त घोषित होने के बाद अब जिले के अफसर दुर्गम ग्रामों तक पहुंच रहे है और लोगो को शासन प्रशासन की योजनाओं का लाभ दिलाने पूरे प्रयास करने लगे है।





### बच्चों और गर्भवती माताओं की जांच

मिली जानकारी के अनुसार श्री यू. एस. नवरत्न (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी) जिला गरियाबंद के नेतृत्व में उप स्वास्थ्य केंद्र कुल्हाड़ीघाट के आश्रित वनांचल, बिहड़, दुर्गम एवं पहाड़ी ग्राम ताराझर व कुरवापानी मे विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शिशु संरक्षण माह के अंतर्गत 6 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों में से 27 बच्चो को विटामिन ए का सिरप एवं 32 बच्चों को आयरन सिरप पिलाया गया साथ ही चार बच्चों का टीकाकरण किया गया व तीन गर्भवती माताओं का पंजीयन एवं स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक टीडी टीकाकरण किया गया साथ ही 55 लोगों की स्वास्थ्य जांच एवं मलेरिया जांच तथा आवश्यक जीवन रक्षक दवाई प्रदान किया गया एवं ग्राम में सभी घरों में भ्रमण कर विभागीय योजनाओं की जानकारी दिया गया एवं गर्मी के मौसम में लू से बचाव, रात्रि में मच्छरदानी का उपयोग, शुद्ध पेयजल पीने की सलाह दिया गया। शिविर स्थल में डां. गजेंद्र कुमार खण्ड चिकित्सा अधिकारी मैनपुर, गणेश सोनी बीपीएम, किशन लाल दीवान ईशुलाल पटेल (सुपरवाइजर), कुमारी जय श्री राव ,कुमारी सुचित्र नागेश, रामचंद्र पटेल, पारेश्वर नागेश, रंजीत दीवान, हेमंत बाम्बोडे, रुकमणी सोरी (मितानिन) उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेश झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव साय ने झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ की बैठक में शामिल होकर आगामी कार्यक्रमों का को रूपरेखा तय की जिसमें उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता झुग्गी बस्तियों में जाकर सरकार की जनकल्याणी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं और और संगठन को मजबूत करें। प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह ठाकुर ने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस पर झुग्गी बस्तियों में जाकर मनाया जाएगा। वहीं 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर समरसता समर, सत्ता भोज का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मारकंडे, झुग्गी–झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संजू नारायण सिंह ठाकुर, प्रदेश मीडिया प्रभारी हेमंत पाणिग्रही, जिला संगठन प्रभारी राजेन्द्र शर्मा, गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर से भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट मन की बात के प्रदेश सह प्रभारी सीमा सिंह ठाकुर सहित पदाधिकारीगण, प्रकोष्ठ के सदस्यगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रसेला में मच्छरों का प्रकोप दिन में डंक से हैं लोग बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला



ग्राम रसेला सहित अंचल में गर्मी आते ही गांवों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। इनसे संक्रामक रोगों को लेकर लोगों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि इन दिनों मलेरिया, वायरल फीवर ने भी पैर पसार रखा है। जैसे जैसे गर्मी के तेवर बढ़ रहें हैं, वैसे वैसे मच्छरों का आतंक भी बढ़ता जा रहा है। रसेला के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी इनके आतंक से परेशान हैं। पहले तो शाम ढलने के बाद इनका हमला शुरू होता था। अब तो दिन में भी इनके डंक से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इनके रोकथाम की बातें वालपेटिग, पोस्टर व इश्तेहारों में सिमट कर रह गई है, जबकि हकीकत में बचाव के उपायों का कहीं नामोनिशान भी देखने को नहीं मिल रहा है। घर हो या बाहर सड़क पर, ऐसा कोई स्थान नहीं है जहां मच्छरों का आतंक न हो। पिछले कई सालों से मच्छरों की दवा का छिड़काव स्वास्थ्य विभाग द्वारा बंद कर दिया गया है। सरपंच हेमलता ध्रुव, तुलेश्वर ध्रुव, रवि मरकाम, विजय कृष्णा नागेश, रूपादेवी ठाकुर, लता नागेश, राजकुमारी ध्रुव, भोजराज नागेश, उपसरपंच परमेश्वर यादव, धनसाय ध्रुव, गुलाब मरकाम, घनश्याम चन्द्राकार,रेखचद साहू, राधेश्याम ने जिला प्रशासन से क्षेत्र में डीडीटी का छिड़काव एवं फागिंग कराएं जाने की मांग की है। सोते समय मच्छरदानी, बाकी समय मच्छरों के डंक से ग्रामीणों को दिन में भी तारे दिखाई देने लगते हैं। इन लोगों का कहना है कि पहले विभाग द्वारा डीडीटी व मैलाथियान का छिड़काव कराया जाता था। जिससे मच्छरों का प्रकोप कम हो जाता था। अब तो हालात यह है कि रात हो या दिन कोई फर्क नहीं पड़ रहा।

### बढ़ते अपराध और नशे ने छीनी शहर की शांति

नवापारा-राजिम। नवापारा शहर में दिन ब दिन आपराधिक घटनाओं में निरंतर बढ़ोतरी होती जा रही है। एक तरह से यह पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नही है। हो रही घटनाओं को देखते हुए शहर के लोग चिंतित हो गए है। चाकूबाजी की हो रही घटनाओ ने इस शहर के प्रतिष्ठा को धुमिल करते जा रही है। जबकि इस शहर की पहचान सांस्कृतिक,व्यावसायिक एवं धार्मिक नगरी के रूप में है। संस्कृति और धर्म के मामले में इस नगर का मुकाबला आसपास के न तो कोई दूसरा नगर कर सकता है और न ही कोई गांव। बता दें कि यह एक ऐसा शहर है जहां सौ से अधिक गांव के लोगों का व्यापारिक केंद्र है। सुबह से लेकर देर रात तक बाजार गुलजार रहता है। परंतु विगत कुछ महिने से एकाएक आपराधिक घटनाओं में ईजाफा होने से लोगो की चिंता बढ़ा दी है। इसका प्रमुख कारण युवाओं के नशे में लिप्त होना माना जा रहा है जो कई प्रकार के आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे है। आपसी रंजिश तो एक बार समझ में आता भी है कि मन में खुन्नस जो रहता है उसके कारण भी तात्कालिक रूप से लड़ाई झगड़े की नौबत आती है। परंतु साधारण बातो को लेकर भी चाकू या अन्य घातक हथियार निकल जाना लोगो के समझ से परे है। ऐसी अनेको घटनाएं शहरवासियो को देखने को मिल रही है। शहर के विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक रैलियों में भी लोगो से हथियार जप्त किए जा रहे है जो नगर के लोगों के लिए चिंता का विषय बनते जा रहा है। गणमान्य नागरिको और सामाजिक व धार्मिक संगठनो का कहना है कि दिशाहीन युवाओं को नशे एवं अपराध से दूर रखने के लिए जनजागरूकता अभियान का अभाव साफ दिखाई देता है। ऐसी घटनाओं को देखते हुए पुलिस को बैठक कर जनजागरूकता अभियान चलाए जाने की जरूरत है।

# इंद्रकुमार साहू और अशोक बजाज ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

- नवापारा में भाजपा का पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान

भारतीय जनता पार्टी नवापारा मण्डल में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 प्रशिक्षण वर्ग नवापारा नगर के नेहरू गार्डन स्थित सामुदायिक भवन में दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण आयोजित हुआ। जिसमें विधायक इंद्रकुमार साहू विशेष रूप से शामिल हुएं। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस के उदघाटन सत्र में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज द्वारा ध्वजारोहण कर प्रारंभ किया साथ ही उन्होंने अपने उदबोधन में प्रशिक्षण की उपादेवता एवम भाजपा की इतिहास एवं विकास पर अपनी बात रखा। प्रथम सत्र की अध्यक्षता भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ने किया। द्वितीय सत्र संचित तिवारी जिला मंत्री रायपुर ग्रामीण, तृतीय सत्र अवधेश जैन प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी, चतुर्थ सत्र अंजय शुक्ला औषधि पादप बोर्ड उपाध्यक्ष, पंचम सत्र राजेश साहू भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री ने लिया। द्वितीय दिवस छठवें सत्र में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष परदेशी राम साहू मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित किया।





**जिज्ञासा समाधान और समापन-** उक्त सत्र में संजय साहू ने अध्यक्षता किया। सातवे सत्र में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने सरकार के कार्यक्रम एवं विकास पर सम्बोधित किया। अध्यक्ष महिला मोर्चा अध्यक्ष धनमती साहू ने किया। सत्र के अंतिम में रायपुर जिला ग्रामीण के प्रभारी सुरेंद्र पाटनी ने भी संबोधन करते हुए कार्यकर्ताओं को शिष्टाचार के विषय पर सम्बोधित किया। साथ ही अंतिम सत्र में जिज्ञासा समाधान विषय पर विधायक इंद्रकुमार साहू के साथ अशोक गंगवाल ने अध्यता किया। सत्र के दौरान परदेशी राम साहू, संजय साहू, भूपेंद्र सोनी, किशोर देवांगन, मुकेश ढीढी, मनीष चौधरी, धीरज साहू, मनीष देवांगन, सौरभ जैन, देवेंद्र सेन, चेतन साहू, अकरम रिजवी, सोहेंद्र साहू, संजीव टिंकू सोनी, रेशमजीत सिंह हुंदल, नत्थूराम साहू, प्रेम साधवानी, मुकुंद मेश्राम, अंकित मेघवानी, सहदेव कंसारी, राजूरजक, धनमती साहू सहित भाजपा मण्डल नवापारा के सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



# डांगनबाय में रामचरितमानस महायज्ञ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

ग्राम डांगनबाय में श्री रामचरित मानस महायज्ञ मंगल कलश यात्रा के साथ दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। नित्य कार्यक्रम दिनांक 5 एवं 6 अप्रैल को प्रात हवन पूजन सुबह 7:00 से दोपहर 12:00 बजे तक भंडारा,दोपहर 1:00 बजे से कथा प्रवचन कीर्तन संध्याकालीन आरती होगी,दिनांक 7 अप्रैल को पूर्णाहुति भंडारा शोभा यात्रा विसर्जन ,यज्ञ कर्ता महामंडलेश्वर संत सेवा गोवर्धन शरण जी व्यास महाराज सिरकट्टी आश्रम कुटेना,कथावाचक संत श्री मिथिला शरण जी महाराज संत श्री रामानंद शरण जी महाराज संत श्री राम हर्षण शरण जी महाराज आचार्य पंडित श्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय जी,पंडित श्री बलराम शर्मा जी ,पंडित श्री नीलकंठ चौबे जी प्रवचन एवं कीर्तनकर श्री चंद्रहास महाराज, भगवत प्रसाद, दिगेंद्र दास व्यास बृजमोहन प्रसाद, भुवनेश्वर प्रसाद, पिलेद्र शरण, नारद दास जी अखिल ब्रह्मांड नायक श्री सीताराम जी हनुमान जी की कृपा एवं सतगुरु के आशीर्वाद से एवं संतों के साथ प्रेरणा से विश्व शांति में आध्यात्मिक चेतना के लिए श्री रामचरितमानस महायज्ञ का आयोजन समस्त ग्रामवासी के सहयोग से रखा गया। संत दरस जो जाइए तज माया अभियान, ज्यों ज्यों पग धरे कोटिश यज्ञ समान। तुलसी यह संसार में पंच रतन है सार, संत मिलन, हरि भजन, दया दिन उपकार। प्रमुख रूप से आदूराम साहू ग्राम पटेल शीतल ध्रुव, सोनू ध्रुव ठाकुर परिवार, विशेश्वर दीवान, पुरुषोत्तम ध्रुव, रामजी यादव, राम रतन साहू, जयराम साहू, खिलावन बघेल, हुलास राम सेन, कतथु ध्रुव, डोमेशवर, बलदाऊ, हेमंत, सेवक, सीताराम चरण, सियाराम निषाद, रामप्यार, राजेंद्र ध्रुव, रतराम, तोलाराम, मोनटु सेन, नरोत्तम, महेश, सुखराम, रेवाराम, आनंद, महिला मंडल युवा मंडल समस्त ग्रामवासी सम्मिलित हुए ।

### राशन दुकान के लिए आवेदन 10 तक आमंत्रित

**फिंगेश्वर।** विकास खंड फिंगेश्वर के तीन गांवों ग्राम पंचायत परसदाकला के आश्रित ग्राम खुड़सा, ग्राम पंचायत बोड़की के आश्रित ग्राम जोगीडिपा एवं ग्राम पंचायत बोरसी मे एक अतिरिक्त राशन दुकान खोले जाने के लिए राजिम एसडीएम विशाल महाराणा ने आवेदन तिथि के लिए समय सीमा 10 अप्रेल आदेशित किया।इस तिथि तक उक्त ग्राम से आवेदन प्राप्त होने पर वहां उचित मूल्य की दूकान खोली जावेगी। उचित मूल्य की दूकान को लेकर युक्तियुक्तकरण के तहत अनुविभाग राजिम मे तीनों ग्राम पंचायतो को लेकर उन्हे अतिरिक्त राशन दूकान आबंटित किये जाने को लेकर एसडीएम राजिम के द्वारा आवेदन के लिए अंतिम तिथि 27 मार्च तक आमंत्रित किया गया था लेकिन इस तिथि मे ग्राम से एक भी आवेदन नहीं मिलने पर उक्त तिथि मे संशोधन करते हुए आवेदन देने के लिए 10 अप्रैल को शाम 5 बजे तक किया गया है।

# अखाड़ा शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री महावीर बजरंग अखाड़ा एवं श्री नरसिंहनाथ अखाड़ा द्वारा गुरूवार को निकाली गई। शोभायात्रा का शहर के हर चौक-चौराहो में शानदार स्वागत हुआ। खास बात यह रही कि शोभायात्रा के दौरान अखाड़ा के युवाओं एवं युवतियों ने पारंपरिक शस्त्र संचालन, लाठी, तलवारबाजी और अन्य हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया, जिसने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, अखाड़ा संरक्षक युधिष्ठिर चंद्राकर, किशोर देवांगन, मयाराम साहू, दयालु राम गाड़ा, भाजयुमो अध्यक्ष अंकित मेघवानी, योगेंद्र कंसारी, कलिदान कंसारी, लक्ष्मण सुंदरानी, योगिता सिन्हा, सचिन सचदेव, पूजा कंसारी, जीना-सुजीत निषाद, हेमसिंह पटेल, शिवकुमार पांडेय, तुकाराम कंसारी सहित बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल थे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**आयोजन : पटेवा में भक्ति की बयार, अखंड रामायण व मानस गान प्रतियोगिता**

# धर्म के रास्ते पर चलकर ही मनुष्य का उद्धार संभव है : धनेंद्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर से लगे ग्राम पटेवा इन दिनों पूरी तरह से भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। यहाँ श्री पटेश्वर मानस परिवार एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय अखंड रामायण पाठ एवं मानस गान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया है जहां सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। पूरा क्षेत्र राम नाम के संकीर्तन से गुंजायमान हो उठा है। शनिवार को पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू इस धार्मिक कार्यक्रम में जब पहुंचे तो समूचे ग्रामवासियों ने उनका आत्मीय स्वागत करते हुए पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पुष्पमालाओं से उनका अभिनंदन किया। जिससे आयोजन का माहौल और भी गरिमामय हो गया। इस अवसर पर उपस्थित धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं एवं जनसमुदाय को संबोधित करते हुए पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू ने कहा कि मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य धर्म के मार्ग पर चलना है। कहा कि धर्म के रास्ते पर चलकर ही मनुष्य का उद्धार संभव है। पटेवा जैसे छोटे से ग्राम में भगवान की महिमा का ऐसा आयोजन होना हम सभी के लिए गर्व और सुखद अनुभूति का विषय है।



**युवा संस्कृति, परंपरा और धार्मिक मूल्यों को आत्मसात करें**

कहा कि धर्म के बिना किसी भी प्रकार की उन्नति की कल्पना नहीं की जा सकती। जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्राप्त करने के लिए धर्म और न्याय के मार्ग का अनुसरण आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे भारतीय संस्कृति, परंपरा और धार्मिक मूल्यों को आत्मसात करें। श्री साहू के साथ पूर्व जनपद उपाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्रहास साहू, नवापारा ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरधारी साहू, पूर्व सरपंच राजू पाल, धन्नु पाल, नितिन साहू, कोमल साहू, हरिश्चंद्र पाल, मुकेश साहू, देवनाथ साहू, केशव साहू, मोहन साहू, प्यारेलाल साहू, जोगीराम साहू, घनश्याम साहू, कुलेश्वर साहू शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान मोर मयारू मानस मंडली गुदगुदा के व्याख्याकार ने साफ-साफ कहा कि युवा और युवती सोशल मीडिया से दूर रहे। धर्म के रास्ते में चले। मानव जीवन हमें मिला है यह एक उपहार है लिहाजा संस्कारी रहे। इसी तरह विभिन्न मंडलियों द्वारा मानस गान की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो रहे हैं। अखंड रामायण पाठ के साथ-साथ भजन-कीर्तन, आरती और प्रसादी वितरण का क्रम निरंतर जारी है। ग्राम पटेवा का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बन रहा है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का भी संदेश दे रहा है। तीन दिवसीय इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया है और श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

# भसेरा मंडल की बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को अभेद्य बनाने की तैयारी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिले में मिशन गांव चलो अभियान के तहत संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है। अभियान के तहत बूथ और वार्ड स्तर पर संगठन विस्तार का कार्य लगातार जारी है। पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रूपेश साहू के नेतृत्व में जिलेभर में कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा रहा है। इसी क्रम में राजिम विधानसभा अंतर्गत भसेरा मंडल के परसौल सेक्टर में एक



महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बूथ एवं पंचायत कमेटियों के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति और आगामी रणनीति से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, भसेरा मंडल अध्यक्ष, जनपद सभापति डॉ. दिलीप साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने और पार्टी की पहुंच बढ़ाने का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि बैठक में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से यह स्पष्ट है कि कांग्रेस संगठन अब गांव-गांव तक अपनी पकड़ मजबूत करने में जुट गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे और राजनीतिक समीकरणों में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। "मिशन गांव चलो अभियान" का मुख्य उद्देश्य बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करना, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना और आगामी चुनावों के लिए मजबूत आधार तैयार करना है।

**संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस का गांव चलो अभियान**

छुईहा बेलर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी का एंव प्रथय पंचायत मंत्री वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमितेश शुक्ला के मार्गदर्शन में अभियान गांव चलो अभियान के तहत संगठन को निचले स्तर तक और अधिक मजबूत करने के लिए पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी के गठन की प्रक्रिया जारी है, इसके अंतर्गत राजिम विधानसभा क्षेत्र फिंगेश्वर ब्लॉक के बेलर मंडल एवं उसके अंतर्गत आने वाले चार सेक्टरों का बैठक शुक्रवार को गनियारी अंगारमोती में संपन्न हुआ। जिसमें बेलर मंडल के अध्यक्ष शेखर साहू ने बैठक में कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी के विचारधारा एवं रीति नीति को आत्मसात करे और जन जन जागरूक करे, आगे कहा ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी और बूथ कांग्रेस कमेटी का गठन किया जाना है तथा सभी सेक्टर एवं बुध स्तर पर बैठक लेकर शीघ्र गठन करने पर जोर दिया। बेलर मंडल प्रभारी भुनेश्वरी बंजारे ने आगामी सेक्टर और बूथ की बैठक शीघ्र रखने के लिए सेक्टर अध्यक्षों को निर्देशित किया जिससे संगठन को मजबूती प्रदान किया जा सके। कांग्रेस कार्यकताओं को अपनी सक्रीय भागीदारी सुनिश्चित करें को कहा। बैठक में मंडल अध्यक्ष शेखर साहू, मंडल प्रभारी भुनेश्वरी बंजारे, चंम्पू मारकंडे, परसदा कला सेक्टर अध्यक्ष कामतू राम ध्रुव, बोड़की सेक्टर अध्यक्ष नेतराम सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष जिला महामंत्री चेतन सिन्हा, खेमराज सिन्हा, तुलेश्वर धृतलहरे, शिवम सिन्हा तारण दास, सुरेंद्र साहू, घनश्याम ध्रुव, बरसन पटेल, टिकेश



सिन्हा, गैदराम साहू, यादराम सोनवानी, नरेंद्र सोनवानी, टोमन साहू, खेमन साहू, पूरन साहू, शिवकुमार संतोष कुमार, हुलास राम प्यारेलाल, खुमान साहू, जुगराम साहू, टिकेश्वर सिन्हा, देवानंद यादव, राजाराम टाकेस, टोमन, ईश्वरि साहू, बुधराम साहू, गंगाराम साहू, शिवकुमार साहू उपस्थित थे।

# शहीद सुखसिंह फरस की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

क्षेत्र के वीर सपूत शहीद सुखसिंह फरस की पांचवीं पुण्यतिथि आज भावपूर्ण वातावरण में मनाई गई।इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों, युवाओं एवं आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद सुखसिंह फरस के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी शहादत को नमन किया।वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद सुखसिंह फरस का बलिदान देश और समाज के लिए हमेशा प्रेरणादायी रहेगा। उनका त्याग और समर्पण आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत करता रहेगा।


इस दौरान वक्ताओं ने युवाओं से शहीदों के आदर्शों पर चलने और समाज एवं राष्ट्र की सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों और नारों के माध्यम से माहौल पूरी तरह राष्ट्रभक्ति से सराबोर रहा। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने शहीद सुखसिंह फरस जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और उनके बलिदान को कभी न भूलने की बात कही।अवसर पर ग्राम पंचायत मोहदा के सरपंच हेमकुमारी नेताम,महेंद्र सिंह नागेश पूर्व सरपंच, गुजरात सिंह कमलेश, पंच गण जागेश्वरी दीवान, सगनीबाई दीवान, दयाराम यादव, युवा कांग्रेस बिद्रानवागढ विधान सभा महासचिव यशवंत यादव, पुलिस थाना मैनपुर स्टाफ, पुलिस कैम्प धवलपुर स्टाफ, भुवनलाल दीवान, सेवन्तीन फरस, फागुराम फरस, लक्ष्यराज फरस, रुपसिंह फरस, खामसिह फरस, महेन्द्र फरस, नरेंद्र फरस, जगमोहन मरकाम, नूतन मरकाम, शिवचरण दीवान, मन्नूलाल नेताम, मदनलाल नागेश,रोहित मरकाम,ओंकार यादव, हरिशंकर यादव,भानूमति यादव,मनहरण कपिल, चिमन यादव, लाभाराम दीवान, भुनेश्वर मिश्रा, सुन्दर धुर्वा, जागेश्वर यादव, पुलेश्वर फरस, हुमनसिह नागेश सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, क्षेत्रीय नागरिक एवं युवा और ग्रामवासी उपस्थित हुए।

**भगवान श्री राम हमारी आस्था के केंद्र : बजाज**

अभनपुर। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खोला एवं ग्राम नायकबांधा में आयोजित रामचरितमानस प्रतियोगिता में रामायण में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज शामिल हुए। दोनों ही स्थानों पर उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ भगवान श्रीराम की महिमा का स्मरण करते हुए सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अशोक बजाज ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारी आस्था के केंद्र हैं और छत्तीसगढ़ की संस्कृति में उनका विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने संतों और तपस्वियों की रक्षा करते हुए राक्षसों का विनाश कर धर्म की स्थापना की। राम की भक्ति ही राष्ट्र की शक्ति है, साथ ही उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां अन्य देशों में युद्ध की स्थिति है, वहीं प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में शांति और व्यवस्था बनी हुई है, जो भगवान श्रीराम की कृपा से ही संभव है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल ने भी सभा को संबोधित करते हुए रामचरितमानस के महत्व पर प्रकाश डाला।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई,
18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

शादी सीजन स्पेशल
Chhattisgarh ka most iconic Brand Dulhe sahab.
DS
दुल्हे साहब®
दुल्हे सजेंगे दुल्हे साहब में...
DURG • BHILAI • RAJNANDGAON
RAIPUR • BILASPUR • AMBIKAPUR
दूल्हा या दूल्हे साहब?



फ़ैसला आपका!
जब बात हो आपकी शादी की, तो समझौता क्यों?
शेरवानी • कोटसूट • कुर्ता पायजामा • इंडोवेस्टर्न • जोधपुरी • ब्लैजर • कैजुअल • फॉर्मल
रायपुर
मेन रोड कपड़ा मार्केट, पंडरी गेट नं. 2 के सामने मो.- 6262333304
दुर्ग
महालक्ष्मी मार्केट, पुलगांव चौक मो.- 0788-2960006 8878789995
भिलाई
चंद्रा मौर्या टॉकीज के बाजू में, चौहान स्टेट मो.- 6262333305
राजनांदगांव
जय स्तंभ चौक मो.- 0744-469885 88787 89993
Customer Care Number
18003099038
_dulhesahab_
Sunday Open